हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026



**खबर संक्षेप**

### सट्टा खिलाने का आरोपी पकड़ा गया

**गंडई पंडरिया।** धरपकड़ अभियान के तहत सट्टा खिलाने के आरोपी को पकड़कर पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत 22 जुलाई को थाना गंडई पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सब्जी मार्केट गंडई में हार-जीत पर रुपए-पैसे का दांव लगवाकर अवैध रूप से सट्टा-पट्टी लिख रहा है। सूचना पर थाना गंडई पुलिस की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और रेखचंद पटेल 20 वर्ष पटेलपारा गंडई को सट्टा-पट्टी लिखते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 3 नग सट्टा-पट्टी, 1 नीला डॉट पेन तथा 755 रुपए नगद बरामद कर विधिवत जब्त किए गए। इस संबंध में थाना गंडई में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई।

# मनगटा के रिसोर्टस पर फिर चला बुलडोजर

## शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का प्रयास किया असफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण एवं अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम झुराडबरी में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते पहाड़ काटकर अवैध प्लॉटिंग की नीयत से बनाए गए कच्चे रास्ते को बुलडोजर से ध्वस्त कर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। ज्ञात हो कि इससे पहले भी इस इलाके में करीबन डेढ़ सौ एकड़ में अवैध प्लाटिंग पर एक्शन लिया जा चुका है।

राजस्व विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम झुराडबरी स्थित शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 672, रकबा 32.9723 एकड़ पर स्थित पहाड़ को काटकर अवैध रूप से कच्चा रास्ता तैयार किया गया था। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम गौतम पाटिल के नेतृत्व में राजस्व अमले ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की सहायता से अवैध रास्ते को हटाते शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।



### जारी रहेगा एक्शन

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि, नाला, पहाड़, चरनोई तथा अन्य सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा, निर्माण अथवा प्लॉटिंग किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### नाले को पाटकर बनाया रास्ता, हुई कार्रवाई

इसी कार्रवाई के दौरान खसरा क्रमांक 563/1, 563/2 एवं 563/3 के सामने शासकीय नाले को पाटकर बनाए गए अवैध रास्ते को भी हटाया गया। जिला प्रशासन ने नाले को उसके मूल स्वरूप में बहाल करते जल निकासी व्यवस्था को पुनः सुचारू किया। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार सुरेखा वर्मा, राजस्व निरीक्षक, पटवारी तथा राजस्व विभाग का अमला उपस्थित थे।

B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923
अंतिम तिथि-24/07/26



SAMDA HOSPITAL
अब आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत
कीमोथेरेपी
(Chemotherapy)
की सुविधा उपलब्ध है
100% Eligible
Ayushman Bharat
Beneficiaries Welcome
प्रत्येक बुधवार उपलब्ध
दोप. 2.00 से 4.00 बजे तक
डॉ. राकेश मिश्रा
एमडी/डीएम (मेडिकल ऑन्कोलॉजी)
कैंसर विशेषज्ञ
094255-29769
07744-356654
वार्ड नं. 40, कौरिनभाटा बसंतपुर, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ - 491441
समदा हॉस्पिटल
संवेदना के साथ कैंसर का बेहतर इलाज

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
• रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
• रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
• डिस्क प्रोलेप्स
• पीठ दर्द एवं कमर दर्द
• सायटिका
• Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
• HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• सभी प्रकार के फ्रेक्चर
• पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
• कमर में टेढ़ापन
• आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

### द्वितीय चरण

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **द्वितीय चरण सत्र 2026-27** में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (Dialysis) डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| रायपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरायपाली | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| धमतरी | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| जगदलपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| बीजापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| कांकेर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| अंबिकापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| सूरजपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

नोट :-

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हूआ 10X4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि दें।

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 20.08.2026 तक।

आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-25.08.2026 तक।

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, प्रथम तल, मेहर हाइट्स, यश बिग बाजार एवं एसबीआई बैंक के पास, राज किशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006
महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)




## खबर संक्षेप

### उदयप्रकाश बने अध्यक्ष



**बांधाबाजार।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जादूटोला में बीते दिनों शाला विकास समिति का गठन किया गया। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से उदय प्रकाश यादव को अध्यक्ष एवं संतोष सिंह को उपाध्यक्ष चुना।समिति के अन्य सदस्यों का भी चयन किया गया। इस दौरान कक्षा नवमीं की छात्राओं को पालकों की मौजूदगी में साइकिल प्रदान किया गया।

### प्रवेश के लिए काउन्सलिंग 5 अगस्त तक

**मोहला।** प्रयास आवासीय विद्यालयों की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु काउन्सलिंग की प्रक्रिया आगामी 5 अगस्त तक आयोजित होगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार काउन्सलिंग संबंधित छात्र-छात्राओं को आबंटित प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगी। सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा।

### ग्रामीणों ने जाना पीएम सूर्य घर योजना के लाभ



**डोंगरगढ़।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन एवं ग्रामीणों को योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत जटकन्हार में सरपंच पूजा रानी महोबिया के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सोलर पैनल की स्थापना, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, सब्सिडी तथा इससे होने वाले आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभों की जानकारी दी गई। अधिकृत वेंडरों ने ग्रामीणों के सभी प्रश्नों का सरल एवं संतोषजनक उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। सरपंच श्रीमती महोबिया ने स्वयं योजना की जानकारी समझकर ग्रामीणों को जागरूक किया।

### प्राथमिक शाला में बाल केबिनेट का गठन



**छुईखदान।** शनिवार को प्राथमिक शाला जुझारा में बाल केबिनेट और इको क्लब का गठन किया गया है। कक्षा पांचवी की ज्योति साहू को शाला नायक एवं अमृता यादव को उपशाला नायक निर्विरोध चुना गया। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री, खेल व सांस्कृतिक मंत्री , स्वच्छता एवं सफाई अभियान मंत्री, पर्यावरण बागवानी संरक्षण मंत्री एवं कक्षा नायक का चुनाव किया गया। चौथी के गौरव, वासनी यादव, तीसरी की देविका मेरावी, गीतांजलि यादव, दूसरी की लवण्या विश्वकर्मा, नम्रता वर्मा, पहली के गगन यादव ,रोशन कुमार का चुनाव हुआ। गठन के बाद सभी ने शपथ ग्रहण किया। प्रधान पाठक संजीव ध्रुव, शिक्षक मोहित धुर्वे, मुकेश साहू, राजबाई विश्वकर्मा ने सभी को बधाई दी है।

### लंदन किड्स प्ले स्कूल में पौधरोपण



**डोंगरगढ़।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था शक्ति वाहिनी ने लंदन किड्स प्ले स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर महिलाओं के साथ बच्चों ने भी पौधारोपण किया। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों को पेड़ों के महत्व, स्वच्छ वातावरण और प्रकृति संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों ने पौधे लगाकर देखभाल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ज्योति बड़वाईक, वैशाली देशकर, सौम्या भारद्वाज, सीमा मिश्रा, वंदना सोनी, सीता शर्मा, नमिता चौबे, कविता नामदेव, शारदा अग्रवाल, कृष्णा शर्मा, इंदु यादव, निर्मला साहू आदि उपस्थित थे। समापन मौके पर शक्ति वाहिनी की ओर से बच्चों को उपहार स्वरूप उपयोगी सामग्री दी गई।

### विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए किया प्रेरित




**डोंगरगढ़।** कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर के प्राचार्य डॉ. आरके ठाकुर के निर्देशन में पोषक शाला संपर्क अभियान अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाल बहादुर नगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के तहत 12 वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नोडल अधिकारी प्रो. मनोहर बोकड़े ने कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विषयों के चयन की प्रक्रिया, उच्च शिक्षा के शैक्षिक, सामाजिक एवं व्यावहारिक लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो. बीआर चन्द्रवंशी ने कहा कि महाविद्यालय केवल अध्ययन का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण मंच है। इस दौरान डॉ. टीआर खान तथा एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी अरुण साहू ने भी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य केआर चन्द्रवंशी ने पोषक शाला संपर्क अभियान को सराहनीय पहल बताया।

### प्रतिनिधि मंडल मिला उप मुख्यमंत्री से



**डोंगरगढ़।** ग्राम नारायणगढ़ के विकास कार्यों को गति दिलाने के उद्देश्य से विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से भेंट कर विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने लंबित कार्यों की जानकारी देते हुए उन्हें शीघ्र पूरा कराने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल में सरपंच जाफर अली, उप सरपंच रेशमा नुपाते सिंह, मनोज विश्वकर्मा, रोकेश साहू, पीतू यादव, मांगेराम वर्मा, अनीता विश्वकर्मा, उषा वर्मा, रजनी जोगी सहित अन्य शामिल थे। जनप्रतिनिधियों ने नारायणगढ़ से चिचोला मार्ग का निर्माण, वार्ड 15, 16, 17 और 18 में सीसी सड़क निर्माण, रोकेश साहू के घर से बम्लेश्वरी मंदिर तक नाली निर्माण तथा महिला भवन निर्माण की मांग रखा है।

## घटना की कड़े शब्दों में निंदा, कांग्रेसजनों ने शिक्षा मंत्री से मांगा त्यागपत्र

# छात्रों पर लाठी चार्ज और कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस ने विधायक दलेश्वर साहू और ब्लाक अध्यक्ष टिकेश साहू के नेतृत्व मे शहर में विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन दिल्ली में छात्रों पर बर्बर लाठीचार्ज और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में आयोजित किया गया था।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस में एकत्रित होकर शहर में मशाला रैली निकालकर भ्रमण किया। रैली रेस्ट हाऊस से शुरू होकर श्रीराम द्वार, चंडी मंदिर, बाजार क्षेत्र होते हुए पुराने बस स्टैंड पहुंची। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विधायक श्री साहू ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण आंदोलन करना हर नागरिक का अधिकार है। दिल्ली में अपनी जायज मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे निर्दोष छात्रों पर लाठीचार्ज करना और आवाज उठाने वाले कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार करना बेहद निंदनीय है। यह कार्रवाई तानाशाही रवैये को दर्शाती है।



### जमकर झूमा झटकी

पुतला दहन के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर झूमा झटकी हुई। पुलिस ने पुतला दहन को नाकाम करने का पूरा प्रयास किया किन्तु चकमा देते हुए युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन करने में कामयाब हुए। रायपुर में भाजपा- कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान विवाद के हालात बनने के बाद पुलिस प्रशासन बेहद चौकस नजर आया। प्रदर्शन के तीन घंटे पहले ही पुराने बस स्टैंड परिसर में जवानों की तैनाती हो गई थी। अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए डॉग स्क्वाड भी आया था।

### आंदोलन तेज करने की चेतावनी

कांग्रेसजनों ने साफ शब्दों में कहा कि केंद्र सरकार युवाओं, छात्रों और विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने लाठीचार्ज करने के दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष टिकेश साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष संध्या साहू, शहर मंडल अध्यक्ष डां नरेन्द्र साहू, बीरेन्द्र बोरकर, अखिलेश नखत, प्रियंक जैन, श्रुति शुक्ला, वैशाली बोरकर, बेबी खान, अरूणा देवांगन, पदमा देवांगन, कांति बंजारे, सतीश वैष्णव, संजय मुटकुरे, सद्दाम खत्री, रितेश राजपूत, लिलेश पटेल, आरती कोरे, मासूम बानो, रजत साहू, महेन्द्र वैष्णव, राज साहू आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने मांगा शिक्षा मंत्री से इस्तीफा



**डोंगरगढ़।** ब्लाक शहर कांग्रेस कमेटी ने जंतर मंतर में आंदोलित छात्रों पर बर्बरतापूर्वक कार्यवाही और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित अन्य की गिरफ्तारी के विरोध और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा देने की मांग करते हुए गोल बाजार में रैली निकाल कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन पश्चात दो मिनट का मौन रखकर पेपर लीक होने के पश्चात आत्महत्या करने वाले छात्र छात्राओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस के प्रदर्शन में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, नवाज खान, डॉ थानेश्वर पाटिला, हरिश भंडारी, पंचराम चंदेल, संध्या देशपांडे, शिशुपाल भारती, रामजी तराने, नलिनी मेश्राम, ललिता साखरे, किरण मेश्राम, विष्णु लोधी, सुरेश सिन्हा, चुम्मन साहू, रिम्मी भाटिया, राहुल यादव, संजय यादव, एडविन हैदर, धन्नालाल गणवीर, विजय राज सिंह, नीजार जीवा, गोकुल वर्मा, निशा निर्मलकर, संदीप गहरवार, दशरथ ठाकुर, नरेश करसे, श्याम साय टांडेकर, इंदरपाल राजा, रमेश साखरे, दिनेश साखरे, केशव टांडी, अकिल भाई, रवि बाघमारे, सन्नी भाटिया, अक्षय चौरड़िया, रोशन यादव, महेश बोरकर, विक्की रामटेके, रजत देशपांडे, विश्राम वर्मा, कन्हैया मंडावी, नीतु लारोकर, सुरेन्द्र अम्बादे, देवेन्द्र वाल्दे, रूपेश वर्मा, अर्जुन बहल, अमोल सहित अन्य उपस्थित थे।

### लाठी चार्ज करना दुर्भाग्यजनक



कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने छात्रों पर लाठी चार्ज करने पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की आवाज को लाठी के बल पर दबाने का प्रयास लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि कई दिनों से छात्र अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठा रहे हैं किन्तु सरकार उनकी बातों को सुनने और समाधान करने के बजाए बल प्रयोग कर दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को तुरंत अपना दायित्व निभाते हुए छात्रों से चर्चा करना चाहिए।

### युवाओं की आवाज दबाना लोकतंत्र के खिलाफ



जिला इंका के पूर्व महामंत्री लोकनाथ भारती ने छात्रों की गूंज को एक अभियान नही बल्कि करोड़ों युवाओं की आवाज बताया है। उन्होंने कहा कि जब शिक्षा मंहगी हो जाय और परीक्षा पेपर लीक की भेंट चढ़ने के बाद भी छात्रों की बातों को अनसुना किया जाए तब आवाज उठाना जरूरी हो जाता है । उन्होंने जंतर मंतर में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज करने की घटना को निंदनीय बताया है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक मुद्दे पर मोदी सरकार जवाब नहीं दे पा रही है। युवाओं के आंदोलन से घबराकर केंद्र सरकार दमनकारी नीति अपना रही है। उन्होंने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा की मांग को जायज बताया है।

## प्रदेश अध्यक्ष डॉ. साहू का अभिनंदन



**डोंगरगांव।** प्रदेश साहू संघ के नवगठित अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के महामंत्री शंकर साहू के नेतृत्व में प्रदेश अश्यक्ष डा. नीरेन्द्र साहू का अभिनंदन और आभार कार्यक्रम स्थानीय विश्राम गृह में रखा गया। मुख्य अतिथि डॉ. साहू ने सर्वप्रथम शंकर साहू को प्रदेश महामंत्री का दायित्व मिलने के लिए बधाई दी। उन्होंने संगठन के कार्यक्रम, क्रियान्वयन, कार्यशाला, कर्तव्यनिष्ठा पर विस्तार से चर्चा किया तथा समाज के सभी सदस्यों से समयदान करने की अपील की। कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री शंकर साहू ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ साहू का जिम्मेदारी सौंपने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान नूतन साहू, भजन साहू, रमेश साहू, परमेश्वर साहू, नरेंद्र साहू, नागेश साहू, द्वारिका साहू, ईश्वर साहू, प्रेमकिशन साहू, नरेश साहू, मितेन्द्र बघेल, संतोष कुमार आदि उपस्थित थे। संचालन महेश्वर साहू एवं आभार प्रदर्शन रमेश साहू ने किया।

## 76 दिव्यांगों के बने प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशानुसार बस्तर मुन्ने अभियान अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला में जिला स्तरीय दिव्यांग प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी कार्ड निर्माण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 185 दिव्यांगजनों ने पंजीयन कराया। मेडिकल बोर्ड ने परीक्षण के बाद विभिन्न श्रेणियों के 76 दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड बनाए गए। समापन अवसर पर अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे ने दो दिव्यांगों को व्हीलचेयर तथा 10 दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड प्रदान किया।

## आमगांव में शिशु भारती का गठन



**एलबी नगर।** सरस्वती शिशु मंदिर आमगांव में मंगलवार को शिशु भारती का गठन किया गया। कार्यकारिणी में सेनापति तन्मय साहू को सर्व सहमति से चुना गया । उप सेनापति दामिनी पटेल, अनुशासन प्रमुख आकांक्षा ठाकुर, उप प्रमुख लोमिन यादव, प्रार्थना प्रमुख कीर्ति लता साहू, समीर साहू, क्रीडा प्रमुख पुष्पेंद्र, सिमरन ठाकुर, गीतिका, जल प्रमुख मुरारी, तुशांत, वैष्णवी, कांक्षी, खोया पाया प्रमुख भीमज्ञान, करुणा बोरकर, स्वच्छता प्रमुख आतिश, प्रियांजलि, सांस्कृतिक प्रमुख उमंग, लतिका, मानसी रंगारी, भेषकुमार, बैठक व्यवस्था प्रमुख हिना, पूर्वी, राजेश्वरी, अनामिका, मुस्कान, रोशनी, लालिमा, चिकित्सा प्रमुख खिलेश्वर, लतिका सेवता, योगेंद्र, सुधा धनकर, अनुशासन प्रमुख आकांक्षा, हरीश पिस्दा, हरीश चंद्रवंशी, लोमिन यादव, बागवानी प्रमुख माही ठाकुर, करुणा साहू, भूमिका पुसारे, उर्वशी, साइकिल स्टैंड प्रमुख खुशांत कुमार, साहिल दुष्यंत को चुना गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य भोलाराम देवांगन, परीक्षा प्रभारी गणेशराम भोयर उपस्थित थे। अंत में सभी को शपथ दिलाया गया।

## स्कूल में लगे वृक्ष की शाखा टकरा रही तार से

- स्कूली बच्चों के साथ दुर्घटना होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई के वार्ड 5 में संचालित रानी लच्छन कुंवर बाई प्राथमिक पुत्री शाला में बड़ी लापरवाही देखने मिल रही है। स्कूल परिसर में लगे कदम्ब के पेड़ की शाखाए बिजली के नंगे तार टकरा रही है जिससे हादसा होने की आशंका है। दोपहर की छुट्टी के समय बच्चे अपनी जान जोखिम में डालकर इन पेड़ों से फल तोड़ते नजर आते हैं।

उल्लेखनीय है कि मानसून आने के पहले विद्युत कंपनी द्वारा मेंटेनेंस किया जाता है, जिसके तहत खराब तारों को सुधारने और बिजली के तारों से टकराने वाली पेड़ों की कटाई-छँटाई की जाती है ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। इस स्कूल के पास स्थित कदम्ब के पेड़ की सही तरीके से छँटाई नहीं होने के कारण इसकी शाखाएं बिजली के तारों से उलझ गई हैं। बारिश के दिनों में तारों में नमी और करंट फैलने का खतरा बना हुआ है जिससे गंभीर दुर्घटना हो सकती है।



### कटाई कराया जाएगा

विद्युत कंपनी के जेई हरिप्रसाद जंघेल ने बताया कि बरसात से पहले पेड़ों की छटाई कराया गया था। पेड़ की शाखाएं फिर से बढ़ गई होंगी, जिसे संज्ञान में लेते हुए पुनः कटाई करवाया जाएगा।

### बच्चे उठा रहे जोखिम

दोपहर की छुट्टी के दौरान बच्चे खेलकूद में व्यस्त रहते हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में कुछ बच्चे रसोईघर में जलाने के लिए लाई गई लकड़ियों के सहारे कदम्ब के पेड़ से फल गिराने का प्रयास करते हैं। इस दौरान पेड़ में करंट फैला तो कई बच्चों की जान खतरे में पड़ सकती है। स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने खतरे को भांपते हुए तत्काल शाखाओं की कटाई कराने की मांग की है ताकि बच्चों की सुरक्षा हो सके।



## खबर संक्षेप



### दमन के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**डोंगरगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान पर जिले में आयोजित विरोध-प्रदर्शन में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी शामिल हुए। यह प्रदर्शन नीट पेपर लीक एवं छात्रों के साथ हुई बर्बर कार्रवाई के विरोध में किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला दहन करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की।

### प्रयास में संडी के चार छात्रों का चयन

**सड़क अतरिया।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय संडी के चार विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपने गाँव का नाम रौशन किया है।



प्रयास विद्यालय की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु स्कूल के त्रिलोक नायक, लोमेन्द्र नायक, वसु जंघेल एवं हितेश चंदेल का चयन हुआ है। उल्लेखनीय है कि यह संस्था लगातार उत्कृष्ट परिणाम दे रही है। पिछले सत्र में भी इस विद्यालय के 4 विद्यार्थियों का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय तथा 5 विद्यार्थियों का चयन एनएमएमएस परीक्षा में हुआ था। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर बीईओ गिरेन्द्र सुधाकर, दुष्यंत शर्मा, सरपंच कैलाश वर्मा, विशेषर वर्मा, शाला समिति के अध्यक्ष मन्नू राम नेताम, प्रधान पाठक रामाधार देवांगन एवं संकुल समन्वयक प्यारे लाल साहू ने बधाई दी है।उन्होंने इन बच्चों को कोचिंग देने वाले शिक्षक उज्वल नामदेव, दोदेश्वर चंदेल, उत्तरा साहू को भी बधाई दी है।

### उत्तर व दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का विरोध प्रदर्शन

# कांग्रेस ने फूंका पीएम का पुतला

## विपक्षी नेताओं पर पुलिस कार्रवाई लोकतंत्र पर हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिल्ली में छात्रहितों को लेकर चल रहे आंदोलन के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद प्रियंका गांधी, सांसदों एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के मार्गदर्शन में उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चेतन भानुशाली व दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मण के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में दोपहर 12 बजे नए बस स्टैंड में तथा दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में दोपहर 3 बजे बसंतपुर स्थित महामाया चौक में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया।



### मजबूती के साथ लडेंगे लड़ाई

प्रदर्शन को संबोधित करते शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के बजाय उनकी आवाज को पुलिस के डंडे से कुचलने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सवाल पूछना अपराध नहीं है और कांग्रेस युवाओं की इस लड़ाई में उनके साथ मजबूती से खड़ी रहेगी।

### लाठीचार्ज करना निंदनीय

उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चेतन भानुशाली ने कहा कि जंतर-मंतर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस और सुरक्षाबलों की कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों का खुला उल्लंघन है। दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मण ने कहा कि कांग्रेस इस अन्याय को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी और छात्रों की लड़ाई को गांव-गांव और शहर-शहर तक पहुंचाएगी।

### गृहमंत्री और शिक्षामंत्री से मांगा इस्तीफा

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का तत्काल इस्तीफा लेने, नीट पेपर लीक प्रकरण पर संसद में विस्तृत चर्चा कराने, पूरे मामले की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराने तथा नई दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं के विरुद्ध दर्ज सभी एफआईआर और आपराधिक प्रकरण तत्काल वापस लेने की मांग की।

# पेपर लीक मामले में कांग्रेस का पैदल मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

■ शिक्षामंत्री से इस्तीफे की मांग

पेपर लीक मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुईखदान ने गुरुवार को नगर में पैदल मार्च निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो के नारे लगाए। कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ हुआ पैदल मार्च जय स्तंभ चौक होते हुए बस स्टैंड पहुंचा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि लगातार पेपर लीक होने से लाखों छात्रों का भविष्य खराब हो रहा है। उन्होंने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता लाने और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

### परीक्षा व्यवस्था से विश्वास हो रहा कम

मार्च के समापन पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिला इंका अध्यक्ष कोमल साहू ने कहा कि बार-बार हो रहे पेपर लीक होने से परीक्षा व्यवस्था से विश्वास कम हो रहा है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान मृत छात्रा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर विधायक यशोदा वर्मा, जिला अध्यक्ष कोमल साहू, गिरिराज किशोर दास, देवराज किशोर दास, रामकुमार पटेल, सज्जाक खान, गुलशन तिवारी, कोसन कोसरे, पवन चंद्राकर, रिंकू गुप्ता, सुशीलकांत पांडे, आरती महोबिया, हेमंत वैष्णव, रामानंद साहू, जयराम मंडावी, तोरण सिंह ठाकुर, केशव दास मड़ैया, भीम महोबिया सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आयुष्मान कार्ड में धोखाधड़ी, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

स्वयं को शासकीय अधिकारी बताकर ग्रामीणों से अवैध वसूली करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रकरण की विवेचना में ज्ञात हुआ कि आरोपी स्वयं को कलेक्टर कार्यालय का अधिकारी बताकर ग्रामीण क्षेत्रों में घूमते थे तथा आयुष्मान कार्ड अपडेट कराने के नाम पर प्रत्येक व्यक्ति से 50 रुपए की राशि वसूलते थे। सरकारी योजना का लाभ दिलाने का झांसा देकर भोले-भाले ग्रामीणों से धोखाधड़ी की। जबकि किसी का भी आयुष्मान कार्ड अपडेट नहीं किया गया।

### कप्यूटर सेट व मोबाइल जब्त

पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी शम्मी सिंह ठाकुर उर्फ मोनू सिंह ठाकुर 35 वर्ष निवासी भिलाई, शुभलायक सिंह ठाकुर 35 वर्ष निवासी पटेवा एवं गोपी निषाद 35 वर्ष निवासी पुलगांव के विरुद्ध धारा 318(4), 319(2) एवं 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई है। प्रकरण की विवेचना जारी है तथा यह भी जांच की जा रही है कि आरोपियों ने अन्य क्षेत्रों में भी इसी प्रकार की धोखाधड़ी की है या नहीं। विवेचना के दौरान आरोपियों के मेमोरेंडम के आधार पर घटना में प्रयुक्त कम्प्यूटर सेट एवं मोबाइल फोन जब्त किए गए।

### योजना का लाभ अधिकृत माध्यमों से लें

खैरागढ़ पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी शासकीय योजना के नाम पर धनराशि मांगने वाले अथवा स्वयं को शासकीय अधिकारी बताने वाले व्यक्तियों पर बिना सत्यापन विश्वास न करें। किसी भी सरकारी योजना का लाभ केवल अधिकृत माध्यमों से ही प्राप्त करें। यदि कोई व्यक्ति योजना का लाभ दिलाने के नाम पर धनराशि की मांग करता है तो इसकी सूचना तत्काल निकटतम थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# मदराकुही स्कूल का बीईओ ने किया निरीक्षण

**खैरागढ़।** ब्लाक के मदराकुही प्राशा का विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी नीलम सिंह राजपूत ने अकादमिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्र- छात्राओं के अधिगम स्तर का अवलोकन किया। बच्चों से प्रश्न पूछकर, श्यामपट में लेखन कार्य व पढ़वाकर उनकी बुद्धिलब्धि की जानकारी ली।

उन्होंने शिक्षक शिक्षिकाओं को निर्देशित किया कि निर्धारित समय में शाला में उपस्थित होए व निर्धारित समय अवधि तक शाला में रहे। प्रार्थना सभा में राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, गुरूवंदना, दीपमंत्र, सरस्वती वंदना और शाम की सभा में गायत्री मंत्र राज्य गीत व शांति पाठ अवश्य कराए। शाला अनुदान मद में प्राप्त राशि से लाउड स्पीकर लगवाने, प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों के स्तर अनुसार अध्ययन अध्यापन कराने कहा। वही प्राथमिक कक्षा के बच्चों को 12 खड़ी के साथ साथ 20 तक का पहाड़ा और माध्यमिक शाला के बच्चों को 25 तक पहाड़ा कंठस्थ याद कराने, प्राथमिक शाला के बच्चों को बोलकर स्पष्ट पढन्ना पढ़ाना, लिखना, मात्राओं का ज्ञान, 52 वर्णमाला लिखना पढन्ना का अधिक से अधिक अभ्यास कराने कहा इसके अलावा पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को अंग्रेजी में बोलना और पढन्ना आने स्पोकन इंग्लिश का अधिक से अधिक अभ्यास कराने का निर्देश उन्होने शाला स्टाफ को दिया।




### परिसर में पौधे रोपकर करें जागरूक

निरीक्षण दौरान बीईओ नीलम सिंह राजपूत ने शिक्षक शिक्षिकाओं को वीएसके एप में प्रतिदिन ऑनलाइन उपस्थिति देने, आकस्मिक अवकाश, अर्जित अवकाश मेडिकल अवकाश, संताल पालन अवकाश ऑनलाइन आवेदन करने, हार्ड कॉपी संकुल समंवयक के माध्यम से कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया वही शाला परिसर मे बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के अलावा विशेषकर बारिश के दिनो में शाला अवधि दौरान नदी नाला पारकर जाने से मना करने, जर्जर भवन में शाला नही लगाने और जिन शालाओं में चारदीवारी के चलते सुरक्षा व्यवस्था है वहाँ अधिक अधिक पौधे रोपकर बचचो को पर्यावरण सरंक्षण के लिए जागरूक करने कहा। बीईओ नीलम सिंह राजपूत ने कहा कि शाला वातावरण स्वच्छ और शैक्षिक होना चाहिए इसके लिए पूरे स्टाफ को मन लगाकर काम करना चाहिए।

# पं. वाजपेयी समाजसेवी व प्रेरणा के थे प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



3 जनवरी 1936 को कोलकाता में जन्मे पं. द्वारिकानाथ वाजपेयी का बचपन राजनांदगांव की पावन धरा पर बीता। इनके पिता पं. काशीनाथ वाजपेयी थे। इनकी माता देवकी वाजपेयी मानव मंदिर चौक निवासी त्रियोगी नारायण तिवारी की बहन एवं प्रसिद्ध वकील एवं पूर्व एडवोकेट जनरल कनक तिवारी की बुआ थी। प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा और संस्कार इन्हें इसी मिट्टी से मिले।

पं. द्वारिकानाथ ने पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक विकास पर भी ध्यान दिया। मिस्टर यूनिवर्स 1952 \/"पॉकेट हरक्यूलिस ऑफ़ इंडिया\/" मनोहर आइच के मार्गदर्शन में कोलकाता यूनिवर्सिटी में उन्होंने बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी अलग पहचान बनाई।

### सामाजिक एवं व्यवसायिक योगदान

राजनांदगांव में प्रारंभिक जीवन संघर्षपूर्ण रहा। वे खेती एवं डेयरी व्यवसाय से जुड़े रहे। समाज और संस्कृति के उत्थान के लिए उन्होंने नागपुर और बिलासपुर के बीच एकमात्र \/"शारदा संगीत समिति\/" की स्थापना की। इसी समिति से राजभारती जैसी प्रसिद्ध ऑर्केस्ट्रा का उदय हुआ। कार्य के सिलसिले में देवरी आकर उन्होंने श्री गणेश गैरेज के नाम से ट्रांसपोर्ट व्यवसाय प्रारंभ किया। जिसकी शाखा गोंदिया में भी स्थापित की। उन्होंने गंगरेल डैम निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे ग्राम पेंड्री (वर्तमान वार्ड क्र 20) के सरपंच भी रहे और क्षेत्र के विकास में सक्रिय योगदान दिया।

### शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक योगदान

2005 में पुत्र नीरज वाजपेयी द्वारा स्थापित नीरज पब्लिक स्कूल की स्थापना में संस्थापक सदस्य के रूप में उनका अहम योगदान रहा। 2013 में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के समय परिवार के मुखिया के रूप में उन्होंने एप्रोच रोड के लिए अपनी जमीन दान की। इसी त्याग से क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की स्थापना संभव हो पाई। वे 90 वर्ष की आयु तक स्वस्थ और कर्मठ रहे। उनके परिवार में 5 पुत्र स्व. दीपक वाजपेयी, प्रीतक वाजपेयी, नीरज वाजपेयी, नवनीत, वीरक वाजपेयी, 11 पोते-पोतियां तथा 2 परपोते-पोतियां हैं। पं वाजपेयी का देवलोक गमन 18 जुलाई को हुआ।

### साधारण सभा की बैठक 31 को

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत राजनांदगांव की साधारण सभा की बैठक 31 जुलाई को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं के कार्यों की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### नशामुक्ति अभियान स्पर्धा 25 को

**राजनांदगांव।** माई भारत के तत्वावधान में आगामी 25 जुलाई राजनांदगांव में जिला स्तरीय नशामुक्ति अभियान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते धनंजय साहू ने बताया कि 25 जुलाई को राजनांदगांव में माई भारत के तत्वावधान में जिला स्तरीय नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय नशा मुक्ति प्रतियोगिताओं के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ है। राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान 2026 के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो गया है। अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय नशामुक्ति क्विज, नशामुक्ति एंथम, पोस्टर-पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक तथा शॉर्ट वीडियो-रील प्रतियोगिता सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

# दो व्याख्याता नहीं लौटे मूल शाला में

## शासन के आदेश का पालन नहीं, पढ़ाई बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

राज्य शासन ने संलग्न शिक्षकों को मूल विद्यालयों में वापस भेजने के स्पष्ट निर्देश जारी किया है किन्तु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जंगलपुर में पदस्थ दो व्याख्याता अब तक ने मूल विद्यालय में आकर कार्यभार ग्रहण नहीं किया हैं जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

जानकारी के अनुसार अंग्रेजी व्याख्याता बोधन जोशी आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के जिला कार्यालय में क्षेत्र संवाहक के रूप में संलग्न हैं। वहीं जीव विज्ञान की व्याख्याता कल्पना अग्रवाल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, छुरिया में संलग्न हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद अधिकारियों द्वारा दोनों व्याख्याताओं की मूल विद्यालय में वापस नहीं भेजा जा रहा है। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई है।

### बच्चों की पढाई बाधित

ग्रामीणों का आरोप है कि विषय शिक्षकों के नहीं रहने से अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अंग्रेजी एवं जीवविज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों की नियमित पढ़ाई नहीं होने से छात्र-छात्राओं का परिणाम प्रभावित हो सकता है।ग्रामीणों ने कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी आदि ने शासन के आदेश का तत्काल पालन सुनिश्चित कराते हुए दोनों व्याख्याताओं को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जंगलपुर में कार्यभार ग्रहण करने आदेशित करने की मांग

### 63 हजार से अधिक जल संरक्षण संरचना का निर्माण

# जिले में मोर गांव-मोर पानी महाअभियान से जल संरक्षण को मिल रहा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार व आजीविका मिशन ग्रामीण अंतर्गत संचालित मोर गांव-मोर पानी महाअभियान को लेकर जिले में जल संरक्षण व प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन की दिशा में उल्लेखनीय परिणाम मिल रहा है।

जिले के 221 ग्राम पंचायतों में जनभागीदारी के साथ व्यापक स्तर पर जल संरक्षण कार्य करने से वर्षा जल संचयन, भू-जल पुनर्भरण सहित ग्रामीण जल सुरक्षा को नई मजबूती मिली है। जिला प्रशासन ने वीबीजीरामजी, मनरेगा सहित विभिन्न अभिसरण योजनाओं के माध्यम से अब तक 1,952 कार्य स्वीकृत किया हैं। इनके अंतर्गत 61,935 कंटूर ट्रेंच सहित कुल 63,783 से अधिक जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण व विकास करने से 17.97 लाख घनमीटर से अधिक जल संचयन क्षमता विकसित हुई है वही 31.63 लाख मानव दिवस का सृजन हुआ है। इससे जिले के 48 हजार 299 ग्रामीण परिवारों को रोजगार व स्थायी परिसंपत्तियों का लाभ मिला है।





### तालाब, डबरी और रिचार्ज संरचनाओं से बढ़ रही जल सुरक्षा

अभियान के तहत 704 तालाबों का जीर्णोद्धार, 95 नए सामुदायिक तालाबों का निर्माण, 411 आजीविका डबरी, 215 व्यक्तिगत सिंचाई कुएं, 81 बोर रिचार्ज संरचनाएं, 64 नाला उपचार कार्य, 30 गैबियन चेकडैम, 17 सतही और 61,935 कंटूर ट्रेंच सहित विभिन्न जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही सोख्ता गड्ढों, सामुदायिक व निजी रिचार्ज पिट सहित अन्य वर्षा जल संचयन संरचनाओं को भी बढ़ावा दिया गया है। इन प्रयासों से भूजल स्तर में सुधार, कृषि व पेयजल उपलब्धता और जल संसाधनों के दीर्घकालिक संरक्षण को आधार मिला है। नवा तरिया आय का जरिया अभियान के माध्यम से नए तालाबों के निर्माण व पुराने जलस्रोतों के पुनर्जीवन को प्राथमिकता दी जा रही है। आजीविका डबरी और व्यक्तिगत सिंचाई कुओं के माध्यम से किसानों को सिंचाई के स्थायी साधन उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन एवं अन्य आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। अभियान अंतर्गत शासकीय भवनों में रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग, ग्रामीण क्षेत्रों में निजी वर्षा जल संचयन संरचना, सोख्ता गड्ढे, बोर रिचार्ज कार्यों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। ग्रामीण भी स्वप्रेरणा से अपने घरों और खेतों में जल संरक्षण संरचनाएं विकसित कर अभियान से जुड़ रहे हैं। वही कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया हैं कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में वर्षा जल की हर बूंद को संरक्षित करने की दिशा में गुणवता के साथ कार्य किया जाए।

# विक्रांत के जन्मदिन पर बधाई देने पहुंचे हजारों

## विभिन्न कार्यक्रमों से दिन रहा खास

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के जन्मदिन पर जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बधाई देने वालों का पूरे दिन तांता लगा रहा। खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, साल्हेवारा, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, दुर्ग भिलाई सहित विभिन्न स्थानों से समर्थक और कार्यकर्ता उन्हें शुभकामना देने पहुंचे।

सुबह से लेकर देर रात तक उनके निवास पर लोगों का आना-जाना लगा रहा, जिससे पूरे दिन गहमागहमी रही। जन्मदिन को यादगार बनाने समर्थकों ने विभिन्न सामाजिक व जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया। छुईखदान में भाजयुमो जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी के नेतृत्व में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लगभग 80 यूनिट रक्तदान किया गया। यह शिविर समाज सेवा और मानवता की मिसाल के रूप में सराहा गया।

इसी तरह खैरागढ़ क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण कार्यक्रमों में स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बड़ी संख्या में पौधारोपण किया गया।



### समग्र विकास प्राथमिकता

जन्मदिन बधाई देने पहुँचे लोगों का आभार व्यक्त करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि जनता का प्रेम और स्नेह ही उन्हें निरंतर कार्य करने की ऊर्जा देता है। उन्होंने कहा कि नवगठित जिले के समग्र और स्वर्णिम विकास के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहेंगे और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, टीके चंदेल, खम्हन ताम्रकार, अनिल अग्रवाल, तरुण सिंह, प्रकाश सिंह, मोनू बहादुर सिंह, डॉ. शैलेन्द्र त्रिपाठी, दिनेश वर्मा, ललित चोपड़ा, अरुणा सिंह बनाफर, शशांक ताम्रकार, नवनीत जैन, प्रेमनारायण चंद्राकर, भावेश कोचर, शत्रुहन साहू, राकेश ठाकुर, देवकुमार सेन, भोज बंजारे, गोरेलाल वर्मा, गिरजा चंद्राकर, पुष्पा वर्मा, डॉ. राजेश्री त्रिपाठी, आलोक श्रीवास, उमा चौबे, नीलिमा गोस्वामी, हरप्रसाद वर्मा, दीनदयाल सिंहा, संजय पारख, ऋषभ सिंह, नवीन चंद्राकर, अनीश सिंह, राकेश वर्मा, भानुप्रताप साहू, बालकृष्ण वर्मा, हर्षवर्धन वर्मा, शैलेंद्र मिश्रा, अर्जुन क्षत्रिय, प्रशांत कंडरा, मनीष ढीमर, अय्यूब सोलंकी, महेश गिरी,सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सार समाचार

### सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के आह्वान पर 22 जुलाई को प्रदेश के सभी जिलों में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से रैली निकालकर जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया। संघ द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि राज्य स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के वेतनमान के संबंध में लिए गए विधिवत निर्णय, स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश तथा भारत सरकार के प्रचलित दिशा-निर्देशों के बावजूद भारत सरकार को भिन्न प्रस्ताव भेजा गया।



जिसके कारण प्रदेश के लगभग 3700 से अधिक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आज भी उचित वेतनमान से वंचित हैं। संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि संपूर्ण प्रकरण की मुख्य सचिव स्तर अथवा किसी स्वतंत्र वरिष्ठ अधिकारी से उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। शासी निकाय के निर्णय के विपरीत प्रस्ताव भेजने उत्तरदायी अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित कर उनके विरुद्ध प्रचलित सेवा नियमों के अंतर्गत अनुशासनात्मक एवं वैधानिक कार्रवाई की जाए तथा अनुपूरक पीआईपी के माध्यम से शासी निकाय द्वारा अनुमोदित वेतनमान संबंधी प्रस्ताव भारत सरकार को तत्काल पुनः प्रेषित किया जाए।

### परिजनों को दिया गया सहयोग राशि का चेक

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला गांधीनगर में अध्ययनरत दो छात्रों की विगत दिनों आकस्मिक दुर्घटना में अकस्मात मृत्यु हो गई है, जिस पर तत्काल संज्ञान लेते तथा त्वरित कार्रवाई करते कलेक्टर, अनुविभागीय दंडाधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ एवं जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के निर्देशानुसार दोनों दिवंगत छात्रों के परिजन राकेश मंडावी को उनके निज निवास ग्राम बोरतलाव पहुंचकर विकासखंड स्तरीय प्रतिनिधि द्वारा छत्तीसगढ़ छात्र सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा देय सहयोग राशि के एक-एक लाख रुपए के चेक का प्रदाय किया गया। विभाग द्वारा दिवंगत छात्रों एवं शोकाकुल परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गई।



### सड़क में रेत और गिट्टी का ढेर, संबंधितों पर जुर्माना

**राजनांदगांव।** शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने की दिशा में नगर निगम का अमला साफ-सफाई के अलावा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने तथा सड़क में बिल्डिंग मटेरियल व मलमा रखने पर मलमा मंडप के तहत नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम के निर्देश पर कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई की कड़ी में निगम का स्वास्थ्य अमला द्वारा मलमा मंडप के तहत गुरूद्वारा रोड एवं अवाना होटल के पास रोड में रेत, गिट्टी, बिल्डिंग मटेरियल एवं मलमा रखने पर संबंधित से 5-5 सौ रुपए जुर्माना वसूला गया। आयुक्त श्री मरकाम ने बताया कि कतिपय लोगों द्वारा सड़क तथा अपने आवास व दुकानों के सामने बिल्डिंग मटेरियल, मलमा एवं दुकानों का सामान रखकर सड़क में अतिक्रमण कर लिया जाता है। जिससे आवागमन बाधित होने के साथ साथ गंदगी फैलती है, जिसे ध्यान में रखते नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता प्रतिदिन निरीक्षण कर कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई के तहत गुरूद्वारा रोड में जगदीश खोमानी द्वारा रेत, गिट्टी, बिल्डिंग मटेरियल रोड पर रखने तथा इलाहाबाद बैंक रोड अवाना होटल के पास अनिता बग्गा द्वारा मलमा रखने पर मटेरियल व मलमा हटाने समझाईस देकर 5-5 सौ रुपए अर्थदंड अधिरोपित किया गया।

### कमला कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय में 17 जुलाई को वूमन सेल द्वारा इम्पावरिंग वुमन थ्रो विस्डम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया के मार्गदर्शन एवं स्तूषी फाउंडेशन के प्रायोजन में आयोजित कार्यक्रम में जेंडर विषमता, पारिवारिक संवाद और महिला सशक्तिकरण पर गंभीर चर्चा हुई।



तकनीकी सत्र में कॉलेज प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया ने पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के जरिये जेंडर को लेकर समाज में फैले तथाकथित वैज्ञानिक मिथकों और भ्रामक मान्यताओं पर प्रहार किया। उन्होंने शोध पत्रों के हवाले से इन भ्रांतियों को खारिज किया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता स्तूषी फाउंडेशन की प्रतिनिधि कल्याणी देवांगन ने कहा कि शिष्टतापूर्वक संवाद ही पारिवारिक रिश्तों की नीव को मजबूत करता है। विशेष अतिथि दिग्विजय कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि भारतीय समाज का इतिहास गवाह है कि सशक्त महिलाओं ने हर दौर में आगे बढ़कर नेतृत्व किया है।

राजकुमारी धुर्वा ने लोक संगीत कजरी के मधुर गायन से समां बांध दिया। वहीं प्रो. ममता देव ने प्रतिभागियों के लिए बौद्धिक व मनोरंजक खेल आयोजित किए। आयोजन के अंतिम चरण में महिला प्रतिभागियों ने अपने-अपने जीवन संघर्ष की कहानियां साझा की।

### जिला साहू संघ का शपथ ग्रहण समारोह 25 को

**राजनांदगांव।** जिला साहू संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 25 जुलाई को दोपहर 12 बजे से साहू सदन बसंतपुर जिला अस्पताल के बाजू राजनांदगांव में आयोजित किया गया है। इस दौरान रक्तवीरों द्वारा वृहद रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। समारोह में समाज एवं जनप्रतिनिधियों की विशिष्ट उपस्थिति रहेगी। उक्त जानकारी जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने दी।

### नागरिकों को कराई जाएगी तीर्थयात्रा

**राजनांदगांव।** श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के तहत जिले के 18 वर्ष या 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं 75 वर्ष से कम आयु वर्ग के 91 नागरिकों को 12 से 15 अगस्त तक अयोध्या धाम की यात्रा कराई जाएगी। यात्रा के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

## निधन



### राजीव गुप्ता

**डोंगरगढ़।** वार्ड नं. 16 निवासी राजीव गुप्ता पिता स्व. श्याम सुंदर गुप्ता का 23 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा कल 24 जुलाई को उनके निवास स्थान से छीरपानी मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

---

## शासकीय एवं निजी स्कूलों के प्राचार्य की कलेक्टर ने ली बैठक

# 15 अगस्त के पहले पूरा करें बच्चों का आधार अपडेशन : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले में आधार के अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट के संबंध में शासकीय एवं निजी स्कूलों के प्राचार्य एवं चिप्स के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने जिले में एमबीयू के तहत 5 से 17 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के आधार के अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेशन का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 7 हजार आधार अपडेशन का कार्य लंबित है, जिसे यथाशीघ्र पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए शिक्षा विभाग, चिप्स के अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभाग आपस में समन्वय करते हुए बच्चों के आधार अपडेशन का कार्य करें। उन्होंने कहा कि आधार अपडेशन कार्य शासन की योजनाओं के अंतर्गत लाभ लेने, छात्रवृत्ति, बैंकिंग सेवाओं तथा आगामी महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए आवश्यक है। सभी स्कूल के प्राचार्य इस कार्य को गंभीरतापूर्वक पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अभिभावक भी स्वतः नजदीकी आधार सुविधा केन्द्र में जाकर बच्चों का आधार अपडेशन का कार्य पूर्ण करा सकते हैं। उन्होंने 15 अगस्त 2026 के पहले आधार अपडेशन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।



#### टीकाकरण से लिए शिविर

कलेक्टर ने सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से किशोरी बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे विशेष टीकाकरण अभियान एचपीवी टीकाकरण अंतर्गत 14 वर्ष से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए शिविर लगाने एवं जागरूकता हेतु समन्वय करने कहा।

#### चयनित विद्यार्थियों का सम्मान

उन्होंने बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कूल बसों एवं वाहनों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूली वाहन के चालक सड़क पर विपरीत दिशा में वाहन न चलाएं तथा यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत बच्चों का निजी शालाओं में प्रवेश तथा नीट व जेईई एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने नीट, एनआईटी, जेईई की परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित करने कहा।

#### जागरूकता अभियान करें शुरू

कलेक्टर ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित शासकीय एवं निजी स्कूलों में आधार अपडेशन के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेशन के लिए 30 सितम्बर 2026 तक निःशुल्क सुविधा प्रदान किया गया है। इसके पश्चात 125 रुपए प्रति व्यक्ति शुल्क लिया जाएगा।

---

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल बसंतपुर के तत्वावधान में किडनी एवं मूत्र रोगों के प्रति जागरूकता और समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कल 24 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक हॉस्पिटल परिसर में आयोजित किया गया है। शिविर में प्रसिद्ध नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. तरुण ध्रुव मरीजों को परामर्श देंगे। शिविर में निःशुल्क बीपी, शुगर जांच की जाएगी। शिविर में डॉ.ध्रुव किडनी स्टोन, पथरी, यूटीआई, एक्यूट किडनी इंजरी, क्रॉनिक किडनी डिजीज, डायलिस और प्रोस्टेट संबंधी बीमारियों की जांच एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन देंगे।

### प्रशिक्षण 25 को

**राजनांदगांव।** सेवा सेतु परियोजना एवं आधार सेवा अंतर्गत नागरिकों को समयबद्ध नई सेवाओं को प्रदाय करने, निरस्त व वापस किए जाने वाले प्रकरणों में कमी लाने, परियोजना का सफल एवं त्रुटिरहित क्रियान्वयन किए जाने के संबंध में 25 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इस दौरान राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रशिक्षण में जिले के सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों तथा आधार, सेवा सेतु एवं सीएससी संचालकों को प्रशिक्षण में उपस्थित होने कहा गया है।

---

# कांग्रेसी देखते रह गए, भाजपाई ले भागे पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

छात्र समुदाय के समर्थन में कांग्रेस अध्यक्ष एवं विपक्ष के नेता सहित अन्य कांग्रेसियों की गिरफ्तारी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा छुरिया में प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया जाना था । पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपाई प्रधानमंत्री का पुतला ले भागे और कांग्रेसी देखते रह गए।

इससे आक्रोशित कांग्रेसी भाजपा नेताओं से भिड़ गए । पुलिस ने किसी तरह बीच बचाव कर मामले को शांत किया । कुछ देर बाद कांग्रेसी प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर नगर में रैली निकालकर भाजपा नेता के खिलाफ पुलिस थाना में अपराध दर्ज करने की मांग कर धरने पर बैठ गए है।



नीट पेपर लीक के मुद्दे पर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान छात्र-छात्राओं पर बर्बरतापूर्वक दिल्ली पुलिस द्वारा लाठीचार्ज कर आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया गया। इसके विरोध में कांग्रेस का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन का आयोजन रखा गया था। जैसे ही पुतला दहन किया जाना था उसी दौरान एक भाजपा नेता कांग्रेसियों के गाड़ी में रखे हुए पुतले को लेकर भाग खड़ा हुआ। जिसको लेकर कांग्रेसी देखते रह गए। इससे गुस्साए कांग्रेसियों और भाजपाईयों में झड़प होने लगी। एक-दूसरे को देखकर जमकर नारेबाजी होते रही। पुलिस ने किसी तरह बीच बचाव कर मामले को शांत कराया।

#### कांग्रेसी पहुंचे थाना

देश के प्रधानमंत्री के पुतला दहन के दौरान वाहन से पुतला ले भागे पूर्व जनपद सदस्य अमीर खान के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव एवं पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू एवं ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू ने इस घटनाक्रम को लेकर विरोध करते हुए छुरिया थाना पहुंचकर पूर्व जनपद सदस्य के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग कर धरने पर बैठ गए।

---

## शिवनाथ कालोनी में सद्भावना समिति गठित

**राजनांदगांव।** कंचनबाग के शिवनाथ कालोनी फेस-2 एवं 3 के समग्र विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, सौंदर्यीकरण, स्वच्छ वातावरण, सुरक्षा, स्वास्थ्य, सांस्कृतिक सौहार्द्र एवं आपसी एकता को मजबूत बनाने के उद्देश्य से रविवार को आयोजित बैठक में 21 सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से शिवनाथ सद्भावना समिति का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से समिति का नाम शिवनाथ सद्भावना समिति रखा गया। तत्पश्चात कार्यकारिणी का गठन करते विभिन्न पदों पर सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। समिति के संरक्षक के रूप में पार्षद चंद्रशेखर लश्करे, अशोक चौबे एवं लोक दास साहू को मनोनीत किया गया। अध्यक्ष पद पर संजीव शर्मा, उपाध्यक्ष अनुराग वर्मा एवं रोहित साहू, सचिव कौशल वर्मा, सह-सचिव छगनलाल रावके, कोषाध्यक्ष अंजनी तिवारी, मीडिया प्रभारी योगेश दुबे, संगठन मंत्री संतोष चंद्राकर, कार्यालय मंत्री गोविन्द साहू, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश देवांगन, सह-सांस्कृतिक प्रभारी लोकेश्वर राव, पर्यावरण प्रभारी सुरेश रूचंदानी, सह-पर्यावरण प्रभारी रामकुमार देवांगन एवं गोपाल बजाज, स्वास्थ्य प्रभारी सुशील जायसवाल, सह-स्वास्थ्य प्रभारी अमरचंद बंजारे तथा विधिक सलाहकार के रूप में राकेश ठाकुर का चयन किया गया।



---

# रैली निकालकर शिक्षा मंत्री से मांगा इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिल्ली में नीट पेपर लीक मामले को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों पर पुलिस की लाठीचार्ज का विरोध देशभर में जारी है। इसी कड़ी में आज शहर के गुरुद्वारा चौक से छात्रों, अभिभावकों, सामाजिक, राजनीतिक संगठन के लोगों द्वारा रैली निकाली गई। इस रैली में लगभग दो सौ लोग शामिल हुए।



शहर में निकली रैली विभिन्न मार्गों से होती हुई गुजरी। इस दौरान रैली में शामिल युवाओं और अभिभावकों ने छात्रों पर पुलिस की बर्बरता की कड़ी निंदा करते केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं छात्र एकता जिंदाबाद के नारे लगाते नीट सहित अन्य पेपर लीक होने के मामले को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से इस्तीफा मांगा।

#### लाठीचार्ज का किया विरोध

प्रदर्शन में शामिल होने पहुंची छात्रा दीपिका मांडवी, साक्षी सिन्हा सहित अन्य ने कहा कि स्टुडेंट परीक्षा के लिए रात-दिन एक करके लंबी तैयारी करते हैं। ऐसे में पेपर लीक होने से मानसिक दबाव से छात्र गुजर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर जब छात्र आंदोलन कर रहे हैं तो उन पर लाठियां बरसाई जा रही है, अश्रु गैस के गोले दागे जा रहे हैं।

#### सोनम वांगचुग पर कार्रवाई का विरोध

आंदोलन के दौरान पुलिस द्वारा छात्रहित में अनशन कर रहे सोनम वांगचुक को बलपूर्वक उठाए जाने और उनकी गिरफ्तारी का विरोध भी किया गया। इस दौरान आंदोलनरत छात्र हाथों में राष्ट्रीय ध्वज और छात्र आंदोलन के समर्थन में बैनर-पोस्टर लेकर चल रहे थे। इधर छात्रों के आंदोलन को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।







हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026



## खबर संक्षेप

### सट्टा खिलाने का आरोपी पकड़ा गया

**गंडई पंडरिया।** धरपकड़ अभियान के तहत सट्टा खिलाने के आरोपी को पकड़कर पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत 22 जुलाई को थाना गंडई पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सब्जी मार्केट गंडई में हार-जीत पर रुपए-पैसे का दांव लगवाकर अवैध रूप से सट्टा-पट्टी लिख रहा है। सूचना पर थाना गंडई पुलिस की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और रेखचंद पटेल 20 वर्ष पटेलपारा गंडई को सट्टा-पट्टी लिखते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 3 नग सट्टा-पट्टी, 1 नीला डॉट पेन तथा 755 रुपए नगद बरामद कर विधिवत जब्त किए गए। इस संबंध में थाना गंडई में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई।

B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923
अंतिम तिथि-24/07/26

# मनगटा के रिसोर्टस पर फिर चला बुलडोजर

## शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का प्रयास किया असफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण एवं अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम झुराडबरी में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते पहाड़ काटकर अवैध प्लॉटिंग की नीयत से बनाए गए कच्चे रास्ते को बुलडोजर से ध्वस्त कर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। ज्ञात हो कि इससे पहले भी इस इलाके में करीबन डेढ़ सौ एकड़ में अवैध प्लाटिंग पर एक्शन लिया जा चुका है।

राजस्व विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम झुराडबरी स्थित शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 672, रकबा 32.9723 एकड़ पर स्थित पहाड़ को काटकर अवैध रूप से कच्चा रास्ता तैयार किया गया था। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम गौतम पाटिल के नेतृत्व में राजस्व अमले ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की सहायता से अवैध रास्ते को हटाते शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।



### जारी रहेगा एक्शन

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि, नाला, पहाड़, चरनोई तथा अन्य सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा, निर्माण अथवा प्लॉटिंग किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### नाले को पाटकर बनाया रास्ता, हुई कार्रवाई

इसी कार्रवाई के दौरान खसरा क्रमांक 563/1, 563/2 एवं 563/3 के सामने शासकीय नाले को पाटकर बनाए गए अवैध रास्ते को भी हटाया गया। जिला प्रशासन ने नाले को उसके मूल स्वरूप में बहाल करते जल निकासी व्यवस्था को पुनः सुचारू किया। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार सुरेखा वर्मा, राजस्व निरीक्षक, पटवारी तथा राजस्व विभाग का अमला उपस्थित थे।

HOSPITAL
अब आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत
कीमोथेरेपी (Chemotherapy)
की सुविधा उपलब्ध है
100% Eligible Ayushman Bharat Beneficiaries Welcome
प्रत्येक बुधवार उपलब्ध
दोप. 2.00 से 4.00 बजे तक
डॉ. राकेश मिश्रा
एमडी/डीएम (मेडिकल ऑन्कोलॉजी)
कैंसर विशेषज्ञ
094255-29769
07744-356654
वार्ड नं. 40, कौरिनभाटा बसंतपुर, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ - 491441
समदा हॉस्पिटल
संवेदना के साथ कैंसर का बेहतर इलाज

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
• रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
• रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
• डिस्क प्रोलेप्स
• पीठ दर्द एवं कमर दर्द
• सायटिका
• Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
• HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• सभी प्रकार के फ्रेक्चर
• पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
• कमर में टेढ़ापन
• आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

### द्वितीय चरण

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **द्वितीय चरण सत्र 2026-27** में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (Dialysis) डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| रायपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरायपाली | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| धमतरी | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| जगदलपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| बीजापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| कांकेर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| अंबिकापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| सूरजपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

नोट :-

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हूआ 10X4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि दें।

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 20.08.2026 तक।

आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-25.08.2026 तक।

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, प्रथम तल, मेहर हाइट्स, यश बिग बाजार एवं एसबीआई बैंक के पास, राज किशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006
महोदय,
........................ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम ........................ 2. पिता / पति ........................
3. जन्म तिथि अंकों में ........................ 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ........................ पोस्ट ........................ तहसील ........................
थाना ........................ जिला ........................ पिन कोड ☐
मो. नं. 1 ........................ मो. नं. 2 ........................ वाट्सअप नं. ........................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ........................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)


ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE • WISDOM • HUMANITY
BCI Bar Council of India
Association of Indian Universities
Chhattisgarh Private Universities Regulatory Commission
UGC University Grant Commission
All India Council for Technical Education
PCI Pharmacy Council of India
LAUNCH YOUR FUTURE WITH ISBM UNIVERSITY
New Campus in Heart of Raipur - Near Nalanda Parisar - 1 Km approx.
•Ultra Modern Campus •A.I. + M.L. Classes for All Student
•Free Career Guidance with Prior Appointment
CHOOSE A UNIVERSITY THAT PUTS YOU FIRST!
NAAC ACCREDITED
INTERNATIONAL ASSOCIATION OF UNIVERSITIES
AACSB Business Education Alliance Member
ADMISSION OPEN 2026-27
Hostel Facility Available Boys/Girls
10,000+ Students & Alumni
25+ Awards & Recognitions
150+ Recruiters Network
200+ National & International Conferences
50+ MoUs & Tie-Ups
750+ Research Publications
20+ Patents
₹2.5cr+ Research Fellowship
OUR PROGRAMS
PHARMACY
LAW
INFORMATION & TECHNOLOGY
LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
COMMERCE & MANAGEMENT
JOURNALISM & MASS COMM.
HOTEL MANAGEMENT
INNOVATION & COMPUTING
DESIGN
ENGINEERING & TECHNOLOGY
SCIENCE
ARTS & HUMANITIES
YOGA & NATUROPATHY
PhD
+91 9109333333, +91 7880170727
Raipur Campus - ISBM University, Ring Road No. 1, Near Sarona Bridge, Tatibandh, Raipur, Chhattisgarh- 492099
Main Campus - ISBM University, Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband, Chhattisgarh - 493996
www.isbmuniversity.edu.in
(SCAN QR TO VISIT WEBSITE)
Shreeram Addiction

### पण्डरिया में विकास कार्यों का लिया जायजा, वनांचल में ग्रामीणों की सुनी जनसमस्याएं

# विधायक भावना ने नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर लगाई जनचौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पण्डरिया

पंडरिया विधानसभा की विधायक भावना बोहरा ने नगर पालिका परिषद पंडरिया के विभिन्न वार्डों का दौरा कर चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

पंडरिया नगर में निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन सड़कों, नालियों, चौपाटी, यातायात, स्वच्छता, तालाबों की सफाई, चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने दूरस्थ व वनांचल ग्राम माठपुर, डालामौहा एवं चियाडांड में चौपाल लगाकर ग्रामवासियों से संवाद किया और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार जनता की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को केंद्र में रखकर विकास कार्यों को गति दे रही है। पंडरिया नगर में वर्षों से लंबित और बहुप्रतीक्षित मांगों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। हमारा संकल्प प्रत्येक नागरिक तक योजनाओं और विकास एवं अधोसंरचना निर्माण से बेहतर सुविधाओं का लाभ पहुँचाना है। पंडरिया नगर में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और प्रशासनिक ढांचे के साथ न्यायिक अधोसंरचना को भी नई मजबूती मिल रही है।

भाजपा की सरकार बनने के बाद विगत वर्षों में पंडरिया विधानसभा में 1000 करोड़ से अधिक के विकास व अधोसंरचना निर्माण एवं जनसुविधाओं के विस्तार हेतु कार्य हो रहे हैं जिसमें कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं और कुछ कार्य प्रगतिरत हैं। पंडरिया नगर में भी जनता की बहुप्रतीक्षित मांग हरिनाला पुल निर्माण, पंडरिया बाईपास, पंडरिया नगर मुख्य मार्ग का निर्माण, बिसेसरा नाला से हरिनाला तक सड़क निर्माण, नवीन नगर पालिका भवन, 250 सीटर नालंदा परिसर लाइब्रेरी, नवीन व्यवहार न्यायालय सिविल कोर्ट भवन निर्माण, व्यावसायिक परिसर, मिनी स्टेडियम, चौक-चौराहों का सौन्दर्यीकरण, हर वार्ड व प्रमुख सड़कों के निर्माण तथा पंडरिया विधानसभा के प्रत्येक गाँव तक सड़क, नाली,पुल-पुलिया, बिजली, प्रकाश व्यवस्था व पेयजल सुविधा जैसे जनसुविधाओं के विस्तार एवं विकास कार्यों से पंडरिया नगर आज विकास के नए अध्याय लिख रहा है और समृद्धि हो रहा है।



### 1000 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का दावा

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा में 1000 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत होकर संचालित हैं। इनमें हरिनाला पुल, पंडरिया बायपास, मुख्य मार्ग निर्माण, नवीन नगर पालिका भवन, नालंदा परिसर लाइब्रेरी, नवीन व्यवहार न्यायालय भवन, मिनी स्टेडियम, व्यावसायिक परिसर, चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण, सड़क, नाली, पुल-पुलिया, पेयजल और विद्युत सुविधाओं के विस्तार जैसे प्रमुख कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के माध्यम से नगर एवं वनांचल क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है।

### अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

ग्राम माठपुर, डालामौहा एवं चिंयाडांड में आयोजित जनचौपाल के दौरान विधायक भावना बोहरा ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर पेयजल, सड़क, बिजली, आवास, सिंचाई, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सहित विभिन्न समस्याएं सुनीं। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# बदहाल सड़क से बढ़ी ग्रामीणों की मुसीबत



■ स्कूली बच्चों और किसानों का आवागमन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

कबीरधाम जिले के ग्राम खैरवार कला की मुख्य सड़क लंबे समय से जर्जर स्थिति में होने के कारण ग्रामीणों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। सड़क पर जगह-जगह बने बड़े गड्ढे और बरसात के दौरान कीचड़ एवं जलभराव से आवागमन जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की खराब हालत के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

इसी मार्ग पर आंगनबाड़ी केंद्र और मिडिल स्कूल संचालित हैं, जहां प्रतिदिन छोटे-छोटे बच्चे, छात्र-छात्राएं और महिलाएं आवागमन करती हैं। बारिश के मौसम में सड़क की स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे बच्चों को स्कूल पहुंचने और ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ती है। यह सड़क गांव के तालाब तथा आसपास के कृषि क्षेत्रों तक पहुंचने का प्रमुख मार्ग भी है। किसान इसी रास्ते से खाद, बीज, कृषि उपकरण और फसल का परिवहन करते हैं। सड़क की बदहाली के कारण परिवहन प्रभावित हो रहा है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण एवं मरम्मत की मांग को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत और मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई।

इससे ग्रामीणों में निराशा और आक्रोश है। ग्रामवासियों ने प्रशासन से शीघ्र सड़क का निर्माण एवं मरम्मत कराकर आमजन को राहत दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो बरसात के दौरान आवागमन पूरी तरह बाधित होने की आशंका है।

# तानाशाही सरकार के विरोध में पंडरिया में गरजी कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पण्डरिया

केंद्र सरकार द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में गुरुवार को पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में गांधी चौक पर विशाल प्रधानमंत्री पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं जिला अध्यक्ष ने कहा कि छात्रों पर लाठीचार्ज और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल, मनीष शर्मा, गौतम शर्मा, रवि चंद्रवंशी, अनपूर्णा चंद्राकर, जुगल किशोर पांडे, शारदा सोनवानी, शालनी लहरे, दिनेश कोसारिया, खोवाराम भास्कर, संतोष चन्द्रवंशी, शत्रुहन चन्द्रवंशी, अश्वनी चंद्रवंशी, धनीराम चंद्रवंशी, नंदराम चंद्रवंशी, राजकुमार अनंत, संजू तिवारी, लक्ष्मीनारायण साहू, शैलेन्द्र गुप्ता, राजेंद्र यादव, वीरेन्द्र अनंत, तेजस्वी चंद्रवंशी, मण्डल अध्यक्ष गुरुदत्त शर्मा, शुभाष पूरी गोस्वामी, सुरेश चंद्राकर, डोमन मरकाम, साथ ही पार्षद गण सुनील ठाकुर, राजकिरण ठाकुर, चंद्रभान टंडन, दिलीप चंद्रवंशी, मुकेश सावरा, एवं कांग्रेस परिवार के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया।

### कवर्धा विकासखंड के खपरी के स्कूली बच्चों ने प्रधानमंत्री को लिखा भावुक पत्र

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम खपरी स्थित वाणी विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हस्तलिखित पत्र भेजकर जिले को रेल नेटवर्क से जोड़ने की मांग की है। बच्चों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों की सुविधा और जिले के समग्र विकास का हवाला देते हुए जल्द से जल्द कबीरधाम में रेल परियोजना शुरू कराने की अपील की है। 23 जुलाई 2026 को लिखे गए इस पत्र में विद्यार्थियों ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी कबीरधाम जिला रेल सुविधा से वंचित है। उन्होंने लिखा कि उच्च शिक्षा के लिए उन्हें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और भिलाई जैसे शहरों तक सड़क मार्ग से 4-5 घंटे की यात्रा करनी पड़ती है, जबकि रेल सुविधा होने पर यह सफर काफी आसान और कम समय में पूरा हो सकता है। पत्र में बच्चों ने यह भी उल्लेख किया कि गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए बड़े अस्पतालों तक पहुंचना कठिन होता है। वहीं जिले के अधिकांश किसान धान, चना, गेहूं, गन्ना और सब्जियों की खेती करते हैं, लेकिन रेल सुविधा नहीं होने से उन्हें अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में परेशानी होती है। विद्यार्थियों ने पत्र में अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए लिखा कि वे भी ट्रेन में बैठकर रायपुर, डोंगरगढ़, रतनपुर सहित अन्य धार्मिक और पर्यटन स्थलों की यात्रा करना चाहते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से जल्द से जल्द कबीरधाम को रेल मार्ग से जोड़ने की मांग करते हुए भरोसा दिलाया कि रेल सुविधा मिलने पर वे और अधिक मन लगाकर पढ़ाई करेंगे।

# कामठी स्कूल में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में जिला स्तरीय शाला क्रीड़ा प्रतियोगिता अंतर्गत बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का सफल एवं गरिमामय आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के चारों विकासखंड पंडरिया, कवर्धा, बोड़ला एवं लोहारा के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी अश्वनी चंद्राकर एवं पीटीआई कोमल दीतहरे के नेतृत्व में संपन्न हुआ। आयोजन की समुचित व्यवस्थाओं में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती हेमलता टंडन का सराहनीय योगदान रहा। उनके निर्देशन में खिलाड़ियों एवं अतिथियों के लिए भोजन एवं नाश्ते की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का संदेश दिया।

आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के व्याख्याता हीरालाल छाप रिया राजेश शर्मा मनोज आदित्य तथा तुलस चंद्राकर का विशेष सहयोग रहा साथ ही साथ पी टी आई दिनेश साहू दिनेश वर्गीश रमेश चंद्राकर महेश बरेट के मार्गदर्शन में खेल संपन्न हुआ व्यवस्था की सभी ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर चारों ब्लॉक से आए पीटीआई गण एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

# शक्कर कारखाना में बचे हुए पैसे के भुगतान होने से किसानों में खुशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकास खंड पंडरिया के शक्कर कारखाना सरदार वल्लभभाई पटेल में बेची हुई गन्ना का पैसा किसानों के खाते में पहुंचने से किसानों ने खुशी जाहिर किया जिसमें मोहन चंद्रवंशी सेवा सहकारी समिति कुआंमालगी के अध्यक्ष ने कहा कि किसान की लगातार मांग करने के बाद इस बार किसानों को सही समय में गन्ना के पैसे भुगतान किया गया।

जिसमें किसानों को काफी राहत मिला उत्सव नजर आया किसानों में बरसात के समय में घरेलू खर्च करने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है पैसे खर्च के लिए हाथ में एक भी पैसा नहीं रहता है और यह ऐसे वक्त में पैसा मिला है जो किसानों को सही समय में मिला है अभी इन पैसों की सख्त जरूरत था जिससे घरेलू खर्च बच्चों की लिखाई पढ़ाई एवं घरेलू खर्च बरसात में पैसों की सख्त जरूरत रहता है और आज किसानों के समस्याओं को देखते हुए क्षेत्रीय उत्कृष्ट विधायक भावना बोहरा की प्रयास से शक्कर कारखाना सरदार वल्लभभाई पटेल में किसानों द्वारा बेची हुई गन्ना का पैसा किसानों को भुगतान किया गया है जिसमे कुआंमालगी सेवा सहकारी समिति के अंतर्गत ग्रामीण कंझेटा,भटरूसे, सोमनापुर, सैहामालगी, अमलीमालगी, सेमरकोना, भगतपुर, धनेली, मोहतरा कला, पीपरमाटी, कोलेगांव क्षेत्र के किसानों में उत्सव खुशी जाहिर किया एवं क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा का आभार व्यक्त किया मोहन चंद्रवंशी सहित किसान उपस्थित थे।

### पदयात्रा को ऐतिहासिक यात्रा बनाने के लिए जुटा शासन-प्रशासन

# भोरमदेव पदयात्रा की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन महीने के प्रथम सोमवार 03 अगस्त को ऐतिहासिक, धार्मिक, पुरातत्व एवं पर्यटन महत्त्व स्थल भोरमदेव पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। पदयात्रा बुढ़ा महादेव मंदिर कवर्धा से सबेरे 7 बजे से शुरू होगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मंशानुरूप कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में भोरमदेव पदयात्रा की तैयारी जोरो शोरो से की जा रही है। पदयात्रा को ऐतिहासिक पदयात्रा बनाने के लिए शासन-प्रशासन सहित जनसमुदाय और विभिन्न संगठन जुटे हुए है। कलेक्टर श्री वर्मा ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में श्रावण मास के प्रथम सोमवार 3 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाली पारंपरिक बूढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव मंदिर तक पदयात्रा की तैयारियों को लेकर जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों तथा विभिन्न क्लब, संघ एवं समाजों के अध्यक्षों एवं प्रमुखों की बैठक लेकर आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए उनके सुझाव लिए। बैठक में कवर्धा से भोरमदेव मंदिर तक 18 किलोमीटर की पदयात्रा में कांवड़ियों और पदयात्रियों के लिए अलग-अलग स्थानों पर जलपान, शरबत,



चाय नाश्ते की व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि भोरमदेव पदयात्रा में श्रद्धालु उत्साह से भाग लेते है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कवर्धा सहित आसपास के सभी नागरिक इस पदयात्रा में शामिल होकर भव्य बनाएं।

उन्होंने कहा कि आयोजन के संबंध में पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। इस दौरान विभिन्न संस्था के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव रखें। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, पदयात्रा के रास्ते में पड़ने वाले ग्राम पंचायतों द्वारा रास्ते की साफ-सफाई एवं स्वागत द्वार बनाने, पेयजल, सुलभ शौचालयों की साफ-सफाई, रास्ते में जगह-जगह आपात चिकित्सा व्यवस्था, डीजे व्यवस्था तथा पदयात्रियों के लौटने के लिए निःशुल्क बसों की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में भोरमदेव पदयात्रा के गरिमामय आयोजन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए।

### कांवड़ियों व पदयात्रियों के लिए अलग-अलग स्थानों में होगी विश्राम,जलपान की व्यवस्था

पदयात्रा को ऐतिहासिक पदयात्रा बनाने के लिए जनसमुदाय और विभिन्न संगठन जुटे हुए है। भोरमदेव पदयात्रा के प्रति वर्ष बढ़ते उत्साह को ध्यान में रखते हुए पदयात्रियों के लिए 18 किलोमीटर की इस पदयात्रा में अलग-अलग स्थानों पर पेयजल, नाश्ता, नीबू शरबत और चाय की विशेष व्यवस्था होगी। इस व्यवस्था में जिला प्रशासन के साथ-साथ विभिन्न संगठनों व समाजिक संगठन भी जुटे हुए है। इसके साथ ही सावन माह के प्रत्येक सोमवार को ज्वाइन हैंड्स ग्रुप द्वारा भोरमदेव मंदिर में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भंडारा और प्रसादी वितरण किया जाएगा।

### श्रद्धालु और कांवड़ियों को मिलेगी सुविधा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर अमरकंटक से आने वाले कांवड़ियों के विश्राम के लिए भी विशेष व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा कवर्धा के ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर के समीप अलग-अलग सामाजिक भवन व विशेष वाटर फ्रुप टेंट लगाकर विश्राम शिविर बनाएं जाएंगे। श्रद्धालु और कांवड़ियों को मूलभूत सुविधाएं देने के लिए जिला प्रशासन के पूरा अमले को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही बूढ़ा महादेव मंदिर से लेकर भोरमदेव मंदिर तक स्वास्थ शिविर की व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर ने सीएमएचओं को चिकित्सकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए इसके अलावा इस मार्ग में आने वाले सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को श्रद्धालु एवं कांवड़ियों को स्वास्थ्य सुविधाएं पहुचाने के लिए अलर्ट रहने के निर्देश भी दिए गए है। कांवड़ियों के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए समनापुर से भोरमदेव मार्ग पर सड़क के दोनों ओर शोल्डर का सुधार कार्य कराया जाएगा।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# कबीरधाम जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में बड़ी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले को प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त बनाने की दिशा में जिला पंचायत ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिले के सभी चार विकासखंड कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया एवं सहसपुर लोहारा में अत्याधुनिक प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट स्थापित की हैं। इन यूनिटों के माध्यम से अब प्लास्टिक कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण कर उसे पुनः उपयोगी संसाधनों में बदला जाएगा।

इस पहल से जहां पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने सभी ग्राम पंचायतों, स्वच्छाग्रहियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि घर-घर से संग्रहित किए जा रहे सिंगल यूज प्लास्टिक सहित अन्य प्लास्टिक अपशिष्ट को खुले में न छोड़ा जाए। इसे व्यवस्थित रूप से एकत्रित कर संबंधित जनपद पंचायत स्तर पर स्थापित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट तक अनिवार्य रूप से पहुंचाया जाए। सीईओ श्री अग्रवाल ने कहा कि प्लास्टिक कचरा केवल अपशिष्ट नहीं, बल्कि एक मूल्यवान संसाधन है। यदि इसका उचित संग्रहण और वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण किया जाए तो इसे पुनः उपयोगी उत्पादों के निर्माण में इस्तेमाल किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि जिले में स्थापित आधुनिक यूनिटों के माध्यम से प्लास्टिक को रीसाइक्लिंग योग्य बनाया जाएगा, जिससे प्लास्टिक प्रदूषण में कमी आएगी और संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव होगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक यूनिट में अत्याधुनिक मशीनें स्थापित की गई हैं। इनमें बेलन मशीन प्लास्टिक को दबाकर गठ्ठा (बेल) बनाने का कार्य करेगी, श्रेडर मशीन प्लास्टिक की सफाई एवं प्राथमिक प्रसंस्करण करेगी, जबकि फटका मशीन प्लास्टिक को छोटे-छोटे टुकड़ों में परिवर्तित कर रीसाइक्लिंग के लिए तैयार करेगी। इन मशीनों के माध्यम से प्लास्टिक अपशिष्ट का सुरक्षित एवं वैज्ञानिक निस्तारण सुनिश्चित होगा। जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है।



### इन मशीनों से होगा प्लास्टिक का वैज्ञानिक प्रसंस्करण

जिले के प्रत्येक प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट में आधुनिक तकनीक से लैस मशीनें स्थापित की गई हैं। जिसमें बेलन (बेलिंग) मशीन प्लास्टिक को दबाकर गठ्ठा (बेल) तैयार करेगी, श्रेडर मशीन प्लास्टिक की सफाई कर प्राथमिक प्रसंस्करण करेगी तथा फटका मशीन प्लास्टिक को छोटे-छोटे टुकड़ों में बदलकर रीसाइक्लिंग योग्य बनाएगी। इन मशीनों के माध्यम से प्लास्टिक अपशिष्ट का सुरक्षित एवं वैज्ञानिक प्रबंधन संभव होगा।

### ग्राम पंचायतों और स्वच्छाग्रहियों की बढ़ी जिम्मेदारी

जिला पंचायत ने सभी ग्राम पंचायतों एवं स्वच्छाग्रहियों को निर्देश दिए हैं कि घर-घर से एकत्रित सिंगल यूज प्लास्टिक सहित अन्य प्लास्टिक कचरे को खुले में नहीं छोड़ें। प्रत्येक पंचायत प्लास्टिक अपशिष्ट का पृथक संग्रहण कर उसे संबंधित विकासखंड में स्थापित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट तक पहुंचाना सुनिश्चित करेगी। जिला पंचायत का मानना है कि जनभागीदारी और वैज्ञानिक प्रबंधन के माध्यम से ही जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाया जा सकता है तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे।

## खबर संक्षेप

### बालाराम साहू बने संगठन के प्रदेश महामंत्री



**कवर्धा।** प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू एवं चोवा राम साहू प्रदेश संयोजक किसान प्रकोष्ठ के द्वारा संगठन का विस्तार किया गया। संगठन में बालाराम साहू को प्रदेश महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही रामावतार साहू को संगठन सचिव, दुर्गेश साहू को संयुक्त सचिव तथा अजीत साहू को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। उनके मनोनयन पर समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### हर पात्र किसान तक पहुंचे बीमा योजना का लाभ

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज खरीफ सीजन में किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के अधिक से अधिक किसानों को बीमा आवरण में शामिल करने के लिए बैंक अधिकारियों एवं समिति प्रबंधकों की बैठक ली। यह बैठक कृषि विभाग और बीमा कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी बैंक अधिकारियों एवं समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया कि जिले के प्रत्येक पात्र ऋणी एवं अऋणी किसान को योजना के दायरे में लाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि किसानों के आवेदन समय-सीमा के भीतर फसल बीमा पोर्टल पर दर्ज किए जाएं, ताकि किसी भी पात्र किसान का बीमा कराने से वंचित न रह जाए।

### कबीरधाम जिले में 282.9 मिलीमीटर औसत वर्षा

**कवर्धा।** जिले में एक जून से आज तक 282.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 302.2 मिमी, पंडरिया तहसील में 230.1 मिमी, बोड़ला तहसील में 268.9 मिमी, स.लोहारा तहसील में 201.8 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 244.0 मिमी, कुण्डा तहसील में 193.3 मिमी, पिपरिया तहसील में 414.6 मिमी और कुकदूर तहसील में 408.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 23 जुलाई की स्थिति में पिछले 24 घंटे में जिले में 11.5 मिमी औसत वर्षा हुई है, कवर्धा तहसील में 5.0 मिमी, पंडरिया तहसील में 11.1 मिमी, बोड़ला तहसील में 18.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

## बोड़ला क्षेत्र में मिले युवक के अंधे कत्ल का खुलासा

# शराब पीने के बाद विवाद दोस्त ने ही की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

कबीरधाम जिले के बोड़ला थाना क्षेत्र में करीब एक सप्ताह पहले हुए अंधे हत्याकांड का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए मृतक के मित्र को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि शराब पीने और घूमने के बहाने भोरमदेव-चिल्फी घाटी ले गए आरोपी ने रास्ते में हुए विवाद के बाद पत्थर से हमला कर अपने दोस्त की हत्या कर दी थी।

हत्या के बाद आरोपी मृतक की मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 15 जुलाई को ग्राम बंजारी स्थित नायक ढाबा के समीप एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने की सूचना पर थाना बोड़ला में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान मृतक की पहचान उदय प्रताप सिंह राजपूत आयु 34 वर्ष निवासी लवकुश नगर, जामुल, जिला दुर्ग के रूप में हुई।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर एवं सीने पर ठोस और भोथरी वस्तु से गंभीर चोट लगने के कारण हत्या की पुष्टि होने पर थाना बोड़ला में अपराध क्रमांक 85/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में थाना बोड़ला एवं साइबर थाना की संयुक्त टीम गठित की गई। जांच के दौरान मृतक के परिजनों एवं अन्य गवाहों से पूछताछ की गई। साथ ही टोल प्लाजा एवं भोरमदेव क्षेत्र के 40 से अधिक सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया गया। तकनीकी साक्ष्यों एवं सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि मृतक अंतिम बार अपने मित्र हीरासिंह उर्फ बउवा केंवट आयु 45 वर्ष, निवासी घासीदास नगर, जामुल, जिला दुर्ग के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 बीएम 6475 पर देखा गया था।

संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने हत्या करना स्वीकार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 14 जुलाई को वह मृतक को शराब पीने एवं घूमने के बहाने भोरमदेव-चिल्फी घाटी की ओर ले गया था। रास्ते में मोटरसाइकिल से गिरने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर ग्राम बंजारी स्थित नायक ढाबा के पास उसने पत्थर से मृतक के सिर और सीने पर कई वार कर उसकी हत्या कर दी।

इसके बाद शव को घटनास्थल पर छोड़कर मृतक की मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया। आरोपी के मेमोरेण्डम के आधार पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त खून से सना पत्थर, घटना के समय पहने गए कपड़े तथा मृतक की मोटरसाइकिल बरामद कर जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### 40 से अधिक सीसीटीवी फुटेज बने साक्ष्य



अंधे हत्याकांड के खुलासे में पुलिस ने तकनीकी जांच का सहारा लिया। टोल प्लाजा एवं भोरमदेव क्षेत्र के 40 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया। इन्हीं फुटेज से यह स्पष्ट हुआ कि मृतक अंतिम बार आरोपी हीरासिंह उर्फ बउवा केंवट के साथ देखा गया था। इसके बाद तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंचने में सफल रही।

### हत्या में प्रयुक्त पत्थर, कपड़े और मोटरसाइकिल बरामद

आरोपी के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून से सना पत्थर, घटना के समय पहने गए कपड़े तथा मृतक की मोटरसाइकिल (सीजी 07 बीएम 6475) बरामद कर जब्त कर ली। पुलिस ने आरोपी से घटनास्थल का डेमो भी कराया, जिसकी वीडियोग्राफी कर साक्ष्य के रूप में सुरक्षित किया गया। बरामद साक्ष्यों के आधार पर विवेचना को और मजबूत किया गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सामने आई बड़ी लापरवाही

## प्रसूति वार्ड में मंडराता रहा करंट का खतरा






■ अव्यवस्था को लेकर लोगों ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

जिले के बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य विभाग की एक बड़ी और खतरनाक लापरवाही सामने आई है। प्रसूति वार्ड जहां नवजात शिशुओं और जच्चा-परिच्चा की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए, वहां बिजली के खुले प्लग और बोर्ड पर कवर तक नहीं लगा हैं।

गनीमत रही कि समय रहते एक सजग नागरिक की नजर इस पर पड़ गई, वरना बारिश के इस मौसम में कोई बड़ा हादसा हो सकता था। सूत्रों और स्थानीय जानकारी के अनुसार, बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के उस वार्ड में जहां गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी होती है, बिजली का एक प्लग पूरी तरह खुला हुआ था।

प्लग का कवर गायब था और अंदर के नंगे तार स्पष्ट दिखाई दे रहे थे। इस गंभीर स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों और तीमारदारों में भारी आक्रोश है। लोगों का सवाल है कि क्या अस्पताल प्रबंधन के पास इतने भी फंड्स नहीं हैं कि वे कुछ रुपए का स्विच और प्लग बदलवा सकें या सुरक्षा कवर लगवा सकें?

### बारिश के मौसम में था जानलेवा खतरा

वर्तमान में मानसून और बारिश का मौसम चल रहा है, ऐसे मौसम में नमी के कारण दीवारों और बिजली के उपकरणों में करंट उतरने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। प्रसूति वार्ड में छोटे नवजात बच्चे और प्रसूताएं मौजूद रहती हैं। यदि धोखे से भी किसी मासूम बच्चे या मरीज का हाथ उस खुले हुए प्लग पर चला जाता, तो यह एक बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता था और अस्पताल की लापरवाही किसी की जान पर भारी पड़ सकती थी।

### लोगों की नजर पड़ने पर हरकत में आया अमला

मामले की गंभीरता तब उजागर हुई जब एक सजग नागरिक की नजर इस खुले हुए खतरनाक प्लग पर पड़ी। नागरिक द्वारा आपत्ति जताए जाने और अस्पताल की व्यवस्था पर सवाल उठाने के बाद विभाग के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद आनन-फानन में तकनीकी सुधार करने के बजाय लापरवाही पर पर्दा डालने के लिए महज ड्रेसिंग करने वाले टेप से खुले स्विच और प्लग को ढंक दिया गया।

### स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थानों पर इस तरह की लापरवाही विभाग की संवेदनहीनता को बयां करती है। एक तरफ सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के दावे कर रही है, वहीं मैदानी स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की ऐसी बदइंतजामी आम जनता की जान से खिलवाड़ कर रही है। अब देखना यह होगा कि इस गंभीर मामले के सामने आने के बाद जिम्मेदार उच्च अधिकारी इस लापरवाही पर क्या कार्रवाई करते हैं या फिर इसे महज एक छोटी सी चूक मानकर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

# भूमिका प्रयास विद्यालय में चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झिटिया की होनहार छात्रा भूमिका देशमुख का प्रयास आवासीय विद्यालय, बिलासपुर में चयन होने पर शाला प्रबंधन समिति एवं ग्राम प्रमुखों की उपस्थिति में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

विद्यालय परिवार ने छात्रा का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। संस्था के प्रधान पाठक आसकरण सिंह धुर्वे ने बताया कि भूमिका देशमुख ने इस वर्ष कक्षा आठवीं की परीक्षा में 95.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की है। हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय सह साधन प्रवीण्य छात्रवृत्ति पात्रता परीक्षा में भी उसने 121 अंक अर्जित कर चयन सूची में स्थान बनाया है, जिससे विद्यालय का गौरव बढ़ा है। इस अवसर पर डॉ. उत्तम देशमुख गोडमर्रा ने 2,000 रुपये, राजुराम देशलहरा ने 500 रुपये तथा एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती मंजूलता यादव ने 500 रुपये सहित कुल 3,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



इस अवसर पर सरपंच पुनीतराम राणा, एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती मंजूलता यादव, उपसरपंच भागवत नायक, उपाध्यक्ष आनंद तारम, पूर्व सरपंच नरेंद्र वर्मा, ग्राम प्रमुख हिरदेराम साहू, ग्राम पटेल यादराम साहू, प्रधान पाठक आसकरण सिंह धुर्वे, शिक्षकगण, ग्रामवासी, अभिभावक तथा शाला के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिले में सतनामी समाज की चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पहली बार कबीरधाम जिला में सतनामी समाज के मुखिया का चुनाव होगा।

समाज प्रमुख एवं निगरानी समिति द्वारा गठित समाज के कर्मचारी, अधिकारी द्वारा चुनाव संपन्न कराया जाएगा। इसमें चुनाव की जिम्मेदारी सीडी भट्ट, डॉ. अगर दास बघेल, अश्वनी कोसले, सुखदेव अहिलेश्वर, गौकरण आनंद, विकास कुर्रे को दी गई है। चुनाव में जिलेभर में निवासरत लगभग 300 सौ गांव के सक्रिय सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की है। प्रतेक गांव से कम से कम 10 व अधिकतम 50 सक्रिय सदस्यों द्वारा फार्म लिया गया है जो अपने समाज प्रमुख का चुनाव करेंगे। समाज प्रमुखों के मुताबिक यह चुनाव 4 स्तर में होगा। जिसमें ग्राम इकाई, सेक्टर प्रभारी, तहसील अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष का चुनाव शामिल है। कबीरधाम जिला में सतनामी समाज की बहुतायत संख्या को देखते हुए माना जा रहा है कि यह चुनाव दिलचस्प हो सकता है।

## सामान्य सभा की बैठक 30 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 30 जुलाई 2026 को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 02 बजे आयोजित की गई है।

जानकारी के मुताबिक बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, जिला पंचायत विकास योजना सहित अन्य कार्यों सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

**Name Change of a Minor**

I,Sushil Kumar Sharma S/o Shatruhan Prasad Sharma R/o 121, silhati,kabeerdham jila, Silhati,PO.Pondi, DIST. Kawardha, Chhattisgarh-491995 have change the name of my minor son **Tikeshwar Dube** aged 10 years and he shall hereafter be known as **Ankit Sharma.**

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**Sushil Kumar Sharma**
**[Signature of Guardian]**

**NAME CHANGE**

I hitherto known as TEKRAM S/o ARJUN RAM R/o 00, Mainpuri, Kawardha, Chhattisgarh - 491995 have changed my name and shall hereafter be known as MEGHDAS PATEL.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**TEKRAM**
**Signature**
**(in existing Old Name)**

## पानी से भरे गड्ढे में गिरी कार, चालक बाल-बाल बचा, सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं

# संचालक की अनदेखी लोगों की जान पर पड़ रही भारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर के लोहारा रोड मुक्तिधाम के आगे संचालित स्वपनिल पेट्रोल पंप संचालक की अनदेखी के चलते यहां खुदा नालीनुमा गड्ढा अब लोगों के लिए जीवलेवा साबित होते दिखाई दे रही है।

गौरतलब है कि ग्रीष्मकाल के दौरान नगर पालिका प्रशासन के सामने इस बात की शिकायत सामने आई थी कि नगर के लोहारा रोड मुक्तिधाम के आगे संचालित स्वपनिल पेट्रोल पंप के संचालक द्वारा अपने पेट्रोल पंप परिसर का दायरा बढ़ाते हुए उसमें चैकर पत्थर आदि लगवा लिए गए हैं और आए दिन परिसर की पानी से सफाई व धुलाई की जाती है।

जिसका पानी बहकर पेट्रोल पंप से लगे दूसरे दुकानदारों के सामने तथा सड़क के सामने तथा मुक्तिधाम तक पहुंचता है। जिसके कारण दुकानदारों और लोगों के साथ ही मुक्तिधाम पहुंचने वाले लोगों को खासी



परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बताया जाता है कि इस शिकायत के सामने आने के बाद नगरपालिका अध्यक्ष और उनकी प्रशासनिक टीम ने इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए पेट्रोल पंप संचालक को समझाईश दी और लोगों की समस्याओं से भी अवगत कराया। लेकिन संचालक की हठधर्मिता और दुर्व्यवहार के कारण नगर पालिका प्रशासन ने समस्या के समाधान की मंशा से कुछ हिस्सा छोड़कर नाली बना दी। ताकि पेट्रोल पंप संचालक के निस्तारी का पानी सड़क से होते हुए दुकानदारों और मुक्तिधाम तक न पहुंचे। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इस कार्यवाही के बाद भी संचालक अपनी हठधर्मिता से बाज नहीं आते दिखाई दे रहे हैं। हद तो ये है कि संचालक को अपने पेट्रोल पंप पहुंचने वाले वाहन चालकों तक की सुविधा और चिंता नहीं है।

स्थिति ये है कि लगातार बारिश के चलते इस नालेनुमा गहरे गड्ढे में बारिश का पानी भर गया है। बताया जाता है कि बीते मंगलवार की रात हुई तेज बारिश में यह नालानुमा गड्ढा लबालब हो गया और छलकने लगा। इसी दौरान एक कार चालक जब पेट्रोल पंप में पेट्रोल भरवाने पहुंचा तो वह पानी से भरे नाले को भांप नही पाया और कार सहित नाले में समा गया।

इस दुर्घटना में उसकी जान बाल-बाल बची। बाद में जैसे तैसे कार सवार और कार को बाहर निकाला गया। दुर्भाग्य का विषय यह है कि इस घटना के बाद भी नालानुमा गड्ढे की स्थिति जस की तस बनी हुई है। संचालक द्वारा यहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए है। जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

### व्यवस्था दुस्त कराए जाने की मांग

लोगों ने इस भारी और गंभीर अव्यवस्था पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए संचालक से अपने ग्राहकों से सुरक्षा और सुविधा की मांग की है। उन्होने कहा कि ये पेट्रोल पंप संचालक का दायित्व है कि उनके प्रतिष्ठान तक आने जाने वाले वाहन चालकों को सुरक्षित तथा व्यवस्थित मार्ग उपलब्ध हो सके।

**Name Change of a Minor**

I,Manisha Mirche W/o Santosh Mirja R/o House No. 740, Ward No 05,Sahaspur Lohara, Sahaspur Lohara, PO. Sahaspur Lohara DIST. Kabeerdha, Chhattisgarh, 491995 have change the name of my minor son Yashwant Mirja aged 17 years and he shall hereafter be known as Yashvant Mirche.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**Manisha Mirche**
**[Signature of Guardian]**

**NAME CHANGE OF A MINOR**

I, Manisha Mirche W/o Santosh Mirja R/o House No.740, Ward No 05, Sahaspur Lohara, Sahaspur Lohara, PO. Sahaspur Lohara DIST. Kabeerdham, Chhattisgarh, 491995 have change the name of my minor daughter Maheshwari Mirja aged 15 years and she shall hereafter be known as Maheshwari Mirche.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**Manisha Mirche**
**[Signature of Guardian]**